प्रसार भारती
PRASAR BHARATI
India's Public Service Broadcaster

भारत का लोक सेवा प्रसारक

वार्षिक लेखा
Annual Accounts

2020-21

प्रसार भारती हाऊस, कॉपरनिक्स मार्ग, नई दिल्ली-110001
Prasar Bharti House, Copernicus Marg, New Delhi-110001

प्रसार भारती

प्रसार भारती भवन कॉपरनिक्स मार्ग,
नई दिल्ली – 110001

PRASAR BHARATI
(India's Public Service Broadcaster)
Prasar Bharati Bhawan
Copernicus Marg
NEW DELHI-110001

लेखा परीक्षा प्रतिवेदन एवं अंतिम लेखा

AUDIT REPORT & FINAL ACCOUNTS

2020-21

प्रसार भारती
PRASAR BHARATI
Broadcasting Corporation of India

लेखा परीक्षा की गई
कार्यालय महानिदेशक लेखा परीक्षा
(केंद्रीय व्यय)
इंद्रप्रस्थ इस्टटे
नई दिल्ली – 110002

ACCOUNTS AUDITED BY
DIRECTOR GENERAL OF AUDIT
(CENTRAL EXPENDITURE)
INDRAPRASTHA ESTATE
NEW DELHI - 110002

कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा (गृह, शिक्षा एवं कौशल विकास)
Office of the Director General of Audit (Home, Education and Skill Development)
इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली - 110 002
Indraprastha Estate, New Delhi - 110 002

812

No. AMG-1/5-114/SAR/PB/2021-22 Dated: 12.05.2022

सेवा में

सचिव, भारत सरकार,
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,
"ए" विंग, शास्त्री भवन,
नई दिल्ली-110001.

विषय: वर्ष 2020-21 के लिए प्रसार भारती, नई दिल्ली के लेखाओं पर पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन

महोदय / महोदया

मैं प्रसार भारती, नई दिल्ली के वर्ष 2020-21 के प्रमाणित वार्षिक लेखे की प्रति, उसके प्रतिवेदन तथा लेखापरीक्षा प्रमाणपत्र की प्रति संसद के पटल पर रखने के लिये संलग्न कर रहा हूँ।

संसद को प्रस्तुत कर दस्तावेज की दो प्रतियाँ उस तिथि को दर्शाते हुए, जब वे संसद को प्रस्तुत किए गए थे, इस कार्यालय को तथा भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक के कार्यालय को भेजी जाए। कृपया यह सुनिश्चित करें कि पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन को संसद के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत करने से पहले वार्षिक लेखाओं को शासी निकाय द्वारा अवश्य अनुमोदित करा लिया जाए। कृपया यह भी सुनिश्चित करें कि वर्ष 2019-20 के लेखों पर पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन को संसद के दोनों सदनों में पहले प्रस्तुत किया जाए। उसके उपरान्त वर्ष 2020-21 के लेखों पर पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन को ससंद के दोनों सदनों में प्रस्तुत किया जाए।

लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का हिन्दी अनुवाद एवं इसे जारी करने से संबंधित सभी कार्यों को आपके निकाय द्वारा किया जाना ही अपेक्षित है। पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का हिन्दी अनुवाद जारी करते समय निम्नलिखित अस्वीकरण (Disclaimer) अंकित करें :

"प्रस्तुत प्रतिवेदन मूल रूप से अंग्रेजी में लिखित पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का हिन्दी अनुवाद है। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित प्रतिवेदन मान्य होगा।"

भवदीय

अनुलग्नक : यथोपरि।

-हस्ता-
निदेशक (ए.एम.जी.-I)

Ph : 91-11-23702422
Fax : 91-11-23702271

DGACR Building, I.P. Estate, New Delhi-110002
e-mail : pdahesd@cag.gov.in

12 MAY 2022

(811)

संख्या/No. AMG-I/5-114/SAR/PB/2021-22/ 74 दिनांक/Dated 12.05.2022

प्रतिलिपि : **मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रसार भारती, कोपर्निकस मार्ग, नई दिल्ली-110001** को लेखापरीक्षा प्रतिवेदन तथा लेखापरीक्षा प्रमाणपत्र की प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित की जाती है। यह अनुरोध किया जाता है कि संसद को प्रस्तुत दस्तावेजों की दो प्रतियां उस तिथि को दर्शाते हुए जब वे संसद को प्रस्तुत किए गए थे इस कार्यालय को तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के कार्यालय को भेजी जाए।

कृपया यह सुनिश्चित करें कि पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन को संसद के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत करने से पहले वार्षिक लेखाओं को शासी निकाय द्वारा अवश्य अनुमोदित करा लिया जाए। यह भी अनुरोध किया जाता है कि पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन के हिन्दी अनुवाद की एक प्रति शीघ्र इस कार्यालय को भेजी जाए।

अनुलग्नक : यथोपरि।

सतीश
12/5/2022
निदेशक (ए.एम.जी.-I)

31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए प्रसार भारती के लेखा पर भारत के (भारतीय प्रसारण निगम) नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट

हमने दिनांक 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) के संलग्न तुलन-पत्र, की लेखा परीक्षा की है नियंत्रण और महालेखा परीक्षक (कर्तव्य, शक्ति और सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की धारा 19 (2) की धारा 21 (2) के साथ पठित के अंतर्गत उसी तिथि को समाप्त वर्ष के लिए प्राप्ति और भुगतान लेखा एवं आय और व्यय लेख की लेखा परीक्षा कर ली है। ये वित्तीय विवरणियां निगम के प्रबंधन की जिम्मेवारी हैं। हमारी जिम्मेवारी इन वित्तीय विविरणियों पर अपनी लेखा परीक्षा के आधार पर राय देना है। प्रसार भारती का लेखा इसके 503 विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों का संकलन है। जिसमें से 58 इकाइयों पर लेखा परीक्षा को सम्मिलित कर लेखा परीक्षा रिपोर्टों पर विचार किया गया था।

2. इस पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट में वर्गीकरण, सर्वोत्तम लेखा प्रणाली का पुष्टिकरण, लेखा मानक तथा प्रकटन प्रतिमानक आदि के संबंध में केवल लेखा अभिक्रिया पर नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणी शामिल हैं। कानून, नियमों एवं विनियमों (मालिकाना व नियमितता) तथा दक्षता-सहनिष्पादन पहलुओं आदि के अनुपालन के संबंध में वित्तीय लेन-देन पर, यदि कोई लेखा परीक्षा रिपोर्टों के माध्यम से नियंत्रक और महालेखा परीक्षा की निरीक्षण रिपोर्टें/लेखा रिपोर्टें पृथकतया की जाती हैं।

3. हमने अपनी लेखा परीक्षा सामान्यत: भारत में स्वीकार्य लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार संचालित की है। इन मानकों हेतु आवश्यक है कि हम लेखा परीक्षा की योजना और निष्पादन इस प्रकार करें जिससे वित्तीय विवरणी में महत्वपूर्ण गलतियां न होने का यथोचित आश्वासन प्राप्त हो सके। लेखा परीक्षा में परीक्षण आधार पर वित्तीय विवरणियों में दी गई राशि के सहायक साक्ष्य और दिखाई राशि का जांच करना शामिल है। लेखा परीक्षा में प्रयुक्त लेखा सिद्धांतों का निर्धारण और प्रबंध के विशिष्ट प्राक्कलनों के साथ-साथ वित्तीय विवरणियों के समग्र प्रस्तुतिकरण का मुल्यांकन भी शामिल है। हमें विश्वास है कि हमारी लेखा परीक्षा हमारी राय के लिए पर्याप्त आधार उपलब्ध कराती है।

4. **अपनी लेखा परीक्षा के आधार पर, हम रिपोर्ट करते हैं कि :**

i. हमने अपनी सही जानकारी और विश्वास के अनुसार लेखा परीक्षा के उद्देश्य हेतु सभी सूचना और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिया है;

ii. इस रिपोर्ट में तुलन-पत्र, आय और व्यय लेखा तथा प्राप्ति और भुगतान लेखा वित्त मंत्रालय भारत सरकार, द्वारा अनुमोदित प्रपत्र में है।

iii. हमारी राय में, प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) द्वारा समुचित लेखा बहियों और अन्य संबंधित रिकॉर्डों का, जैसा कि प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) अधिनियम 1990 की धारा 21 (1) के अंतर्गत आवश्यक रख-रखाव किया है। ऐसा हमने इन बहियों की जांच के उपरांत पाया।

iv. आगे की रिपोर्ट इस प्रकार है:

ए तुलन पत्र -

ए.1 देनदारियां

ए.1.1 वर्तमान देनदारियां और प्रावधान (अनुसूची -7) – रू. 408.67 करोड़

ए.1.1.1 अनुसूची 7-वर्तमान देनदारियों और प्रसार भारती के क्षेत्रीय कार्यालयों के बीच दर्शाए गए रुपये 408.67 करोड़ से मुख्यालय/पारगमन/समायोजन में दर्शाई गई है- इन लेन-देनों का प्रभाव समायोजन के बाद शून्य होना चाहिए। हालांकि कोई समायोजन नहीं हो पाया है। इसी तरह की टिप्पणी पहले के वर्षों की रिपोर्टों यानी 2016-17 से 2019-20 में भी उठाई गई थी।

बी लेखांकन नीतियां

बी. 1 महत्वपूर्ण लेखा नीतियां - अनुसूची 26

बी. 1.1 नीति सं 3 में अन्य बातों के साथ-साथ यह कहा गया है कि "प्रसार भारती को अंतरित परिसंपत्तियों के संबंध में अचल परिसंपत्तियों को स्थानांतरण राशि में उल्लेख किया जाता है और तदनुरूपी ऋण" स्थायी रूप से ऋण के लिए होता है। केन्द्र सरकार द्वारा परिसंपत्तियों का अंतरण वास्तविक मूल्यांकन और सत्यापन के अधीन है।

लेखा परीक्षा में पाया गया कि केन्द्र सरकार द्वारा परिसंपत्तियों को सितम्बर, 2002 में स्थानांतरित किया गया था, वास्तविक मूल्यांकन और सत्यापन 19 वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक नहीं किया गया है। इसलिए, अचल परिसंपत्तियों के उचित मूल्यांकन और सत्यापन अभाव में, लेखा परीक्षा खातों में दर्शाई गई इन अचल परिसंपत्तियों के मूल्य का आकलन करने में असमर्थ थी। इसके अलावा, इस नीति में प्रसार भारती को हस्तांतरित की गई अचल परिसंपत्तियों के लिए उपयोग की जाने वाली मूल्यांकन और सत्यापन की विधि और 31 मार्च 2021 को उपरोक्त अचल परिसंपत्तियों की राशि का खुलासा नहीं करने की सीमा तक कमी है।

बी.2 लेखा और आकस्मिक देनदारियों पर टिप्पणियां (अनुसूची 27)

बी.2.1 लेखा सं 1 पर दी गई टिप्पणियों में अन्य बातों के साथ यह भी कहा गया है कि प्रसार भारती ने क्षेत्रीय इकाईयों में नकदी से लेखांकन प्रोद्भूत में पूर्ण अंतरण को लागू करने का निर्णय लिया। इस

दिशा में प्रसार भारती केंद्रीकृत लेखा सॉफ्टवेयर (सीएएम) को क्रियान्वित कर रहा है। चरण -I में सीएएस का वेतन मॉड्यूल सभी इकाइयों में पूरी तरह से क्रियाशील है। लेखा मॉड्यूल 20 क्षेत्र इकाईयों में कार्यान्वयन के अधीन है। 20 क्षेत्र इकाइयों में सीएएस के सफल कार्यान्वयन पर इसे सभी क्षेत्र इकाइयों में लागू किया जाएगा। सीएएस के कार्यान्वयन से सभी क्षेत्र इकाईयों में संचय-आधारित लेखांकन सुनिश्चित होगा। हालांकि प्रसार भारती अभी भी अपनी क्षेत्र इकाईयों में नकद आधार पर ही लेखांकन कर रहा है जो लेखांकन की संचय प्रणाली की प्रवृति नहीं है।

सी सामान्य

सी.1 अनुसूची 18 (अन्य आय) के अनुसार, वर्ष 2020-21 के दौरान बिक्री/ परिसंपत्तियों के निपटान पर लाभ के रूप में 4.04 करोड़ रुपये की राशि दिखाई गई है। हालांकि, नियत परिसंपत्ति (अनुसूची 8) में से कोई तदनुरूपी कटौती नहीं की गई है। बेची गई परिसंपत्तियों के मूल्यह्रास के अभाव में, लेखा परीक्षा नियत परिसंपत्तियों की बिक्री पर हुए वास्तविक लाभ को सत्यापित करने में असमर्थ था ।

सी.2 प्रसार भारती के तुलन पत्र में **31** मार्च **2021** तक **1298.98** करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का खुलासा किया गया। प्रसार भारती द्वारा सामान्य वित्तीय नियमों के तहत जीएफआर-**19** प्रपत्र में रखे जाने के लिए अपेक्षित केंद्रीय परिसंपत्ति रजिस्टर नहीं रखा गया था। परिसंपत्ति रजिस्टर के अभाव में, **1298.98** करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों के मूल्य को लेखा परीक्षा में सत्यापित नहीं किया जा सका।

सी.3 नियत परिसंपत्तियों में क्रमशः **3.30** करोड़ रुपये और **557.85** करोड़ रुपये पर भूमि और भवनों का सकल ब्लॉक शामिल था। लेखा टिप्पणियों में नियत परिसंपत्तियों के स्वामित्व की स्थिति के संबंध में कोई प्रकटीकरण/सूचना नहीं दी गई है क्योंकि इन संपत्तियों के शीर्षक/वाहन/पट्टा विलेखों को आज तक निष्पादित नहीं किया गया है। तथापि, सकल ब्लॉक में उल्लिखित संपत्तियों की संख्या का पता लगा लिया गया था और कितनी संपत्तियों के लिए शीर्षक/वाहन/पट्टा विलेख शुरू किए गए थे, इस संबंध में लेखों पर टिप्पणियों में कोई खुलासा नहीं किया गया है। लेखों की टिप्पणियों में यह कमी है।

डी. विभिन्न राज्यों में प्रसार भारती के विभिन्न कार्यालयों के प्राप्ति और भुगतान खातों के लेखा परीक्षा के दौरान निम्नलिखित विसंगतियां पाई गईं -

डी.1 वर्ष 2020-21 के लिए उच्च शक्ति प्रेषित्र, दूरदर्शन, बाड़मेर

डी.1.1 नकद और बैंक शेष - अथ शेष और अंत: शेष

जांच के दौरान यह पाया गया कि 31 मार्च 2020 और 31 मार्च 2021 को रोकड़ बही (कैश बुक) में दिखाई गई बैंक खाता संख्या 10777834154 की शेष राशि बैंक विवरणों तथा प्राप्ति और भुगतान खाते में दिखाई गई शेष राशि से मेल नहीं खाती। चूंकि कोई बैंक समायोजन विवरण (बीआरएस) तैयार नहीं किया गया था, इसलिए, लेखा परीक्षा प्राप्ति और भुगतान खाते में । (ख) बैंक शेष राशि में दिखाए गए शेष को सत्यापित करने में असमर्थ था। ब्यौरे इस प्रकार हैं-

(राशि रूपये में)

क्र.सं.	बैंक खाता संख्या	शेष	कैश बुक/ बैंक बुक के अनुसार शेष राशि	बैंक विवरण के अनुसार शेष राशि	प्राप्ति और भुगतान खाते के अनुसार शेष राशि
1.	10777834154	अथ शेष	10,000	10,246	9,351
2.	10777834154	अंत: शेष	39,638	11,014	18,340
3.	10777834154 (एमओडी)	अथ शेष	16,29,452	3,48,427	7,13,505
4.	10777834154 (एमओडी)	अंत: शेष	22,08,291	33,736	1,32,837

डी.2 केंद्र अभियंता, आकाशवाणी, गुना

डी.2.1 अथ शेष और अंत: शेष में अंतर है।

(राशि रूपये में)

		शीर्ष	प्राप्ति और भुगतान खाता	बैंक विवरण के अनुसार	अंतर
	1	वेतन खाता	2,11,833	2,17,633	5,800
अथ शेष	2	ओएई (अन्य प्रशासनिक व्यय खाता) (एसबीआई 38785490512 के साथ लिंक किया गया)	6,47,740	0.0	6,47,740
	3	ओएई (अन्य प्रशासनिक व्यय खाता) एसबीआई 31126797058	0.0	12,533	12,533

		शीर्ष	प्राप्ति और भुगतान खाता	बैंक विवरण के अनुसार	अंतर
		के साथ लिंक किया गया)			
	4	आवधिक जमा/ सीएलटीडी खाता	0.0	4,00,921	4,00,921
अंत: शेष	5	चालू खाता (एसबीआई 31126797058 के साथ लिंक किया गया)	0.0	11,884	11,884
	6	आवधिक जमा /सीएलटीडी खाता (एसबीआई 37219501291, 36232471254, 37085686892, 37132888004, 37911364081 के साथ लिंक किया गया)	0.0	4,28,003	4,28,003
	7	आवधिक जमा पर प्राप्त ब्याज	0.0	27,082	27,082

डी.2.2 ओएई (अन्य प्रशासनिक व्यय) के 10.87 लाख रुपये के नेगेटिव अंत: शेष को बैंक के साथ उचित समायोजन की आवश्यकता है।

डी.3 एचपीटी-डीएमसी, दूरदर्शन उच्च शक्ति प्रेषित्र, सागर

डी.3.1 देनदारों, लेनदारों अन्य सहायक बही-खातों, अग्रिम, ऋण, कर्मचारी ऋण आदि से संबंधित जर्नल बही-खातों का रखरखाव नहीं किया गया।

डी.4 केंद्र निदेशक का कार्यालय, आकाशवाणी, सागर (म.प्र.)

डी.4.1 लेखा परीक्षा के समक्ष प्रस्तुत की गई सूचना और दस्तावेजों के साथ प्राप्ति और भुगतान विवरण के सहसंबंध के दौरान यह पता चला है कि विभिन्न खातों में अंत: शेष के आंकड़े मेल नहीं खाते, विवरण निम्नानुसार है।

(राशि रूपये में)

खाता संख्या / विवरण	प्राप्ति और भुगतान विवरण के अनुसार 31.03.2021 को शेष राशि	बैंक समायोजन विवरण (बीआरएस) के अनुसार 31.03.2021 को शेष राशि	बैंक विवरण के अनुसार 31.03.2021 को शेष राशि
10979247373 (वेतन)	शून्य	5,90,386	शून्य

38515027653 (सीएफडीएल / ओएई)	5,97,885	लेखा परीक्षा को बीआरएस उपलब्ध नहीं	शून्य
35.58536182 (केवल लेन-देन हेतु)		1,69,970	1,69,969.9
31132411228 (अन्य व्यय खाता)		56,135	56,134.6
10979247362 (प्राप्ति)		4,82,786	4,82,786

डी.5 केंद्र निदेशक का कार्यालय, आकाशवाणी, रीवा (म.प्र.)

डी.5.1 प्राप्ति और भुगतान खाते में 4.32 लाख रुपये की नेगेटिव अंत: शेष राशि को बैंक और प्रसार भारती मुख्यालय के साथ समायोजन की आवश्यकता है।

डी.6 आकाशवाणी कार्यालय, छतरपुर

डी.6.1 वेतन खाते (10518247540) और ओएई खाते (31126642731) के अथ शेष में क्रमशः 1,81,026 रुपये और 34,19,695 रुपये का अंतर (बैंक विवरण तथा प्राप्ति और भुगतान विवरण के बीच) पाया गया। इसके अतिरिक्त वेतन खाते और ओएई खाते के अंत: शेष में क्रमशः 1,04,889 रुपये और 4,42,162 रुपये का अंतर पाया गया।

डी.7 अधिशासी अभियंता, आकाशवाणी, सीसीडब्ल्यू (सी), चेन्नै

डी.7.1 31.03.2021 को अंत: शेष कम दर्शाया रू. 51, 45,728

बैंक में नकद के लेन-देन को रिकॉर्ड करने के लिए 2015-16 से 2020-21 की अवधि के लिए नकद बुक नहीं बनाई गई थी। इसके परिणामस्वरूप, चालू खातों में उपलब्ध अंत: शेष राशि और कारपोरेट लिक्विड टर्म डिपोजिट (सीएलटीडी) लेखा पर अर्जित ब्याज को प्राप्ति एवं भुगतान विवरण में नहीं दर्शाया गया था ।

(राशि रूपये में)

क्र.सं.	बैंक का नाम और शाखा	वर्तमान खाता संख्या	शेष	सीएलटीडी ब्याज
1.	एसबीआई, नंदनम	106101747024	6,99,404.93	बैंक द्वारा पुष्टि नहीं की गई

2.	केनरा बैंक, माउंट रोड	0911201006133	5,192.82	18,69,062
3.	केनरा बैंक, माउंट रोड	0911201022272	5,724.90	25,66.344
			7,10,322.65	44,35,406

इसके परिणामस्वरूप 31.03.2021 को 51,45,728 रुपये (वर्तमान खाता 7,10,322.69 रुपये + सीएलटीडी 44,35,406 रुपये) की सीमा तक अंत: शेष को कम करके आंका गया था

डी.7.2 टाइम-बार्ड चेक रद्द नहीं किए गए और इनको लौटा दिया गया - 31.03.2021 को प्राप्तियों को कम करके आंका गया - रुपये 4,08,404

4,08,404 रुपये की राशि के टाइम-बार्ड चेक रद्द नहीं किए गए थे और खातों में "प्राप्तियों" के रूप में इनको लौटा दिया गया था, जिसके परिणामस्वरूप "प्राप्तियों" को कम दर्शाया गया और 4,08,404 रुपये की राशि तक वर्तमान देनदारियों को कम करके आंका गया।

डी.7.3 प्राप्ति एवं भुगतान खाता में आवधिक जमा का गैर-लेखांकन 80,00,000 रुपये ।

80,00,000 रुपये के निम्नलिखित आवधिक जमा को वर्ष 2020-21 हेतु (सी) आवधिक जमा / सीएलटीडी खाते के तहत अंत: शेष के रूप में नहीं दिखाया गया था, जिसके परिणामस्वरूप आवधिक जमा के अंत: शेष को कम करके आंका गया ।

क्र.सं.	एफडीआर संख्या	राशि (रुपये में)
1	35585980753	40,00,000
2	35586354475	2,40,000
3	35586310630	15,00,000
4	35586327757	5,00,000
5	35586334628	2,60,000
6	35586324111	10,00,000
7	35586325896	5,00,000
	कुल	80,00,000

डी.7.4 बैंक द्वारा दी गई पुष्टि और इकाई के आंकड़ों के बीच विसंगतियां

डी.7.4.1 इस कार्यालय द्वारा रखे गए रिकॉर्ड के अनुसार, 2020-21 के लिए प्राप्ति एवं भुगतान खाते की अंत: शेष राशि में जिसमें 2,98,30,280 रुपये शामिल थे एसबीआई, नंदनम के साथ वर्तमान खाता संख्या

106101747024 से संबंधित "स्वीप खाता" में रखे गए थे । हालांकि संबंधित बैंक की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई थी।

डी.7.4.2 एसबीआई, सैदापेट शाखा, नंदनम द्वारा दी गई बैंक पुष्टि के अनुसार, 1,46,56,642 रुपये की राशि एफडी नंबर 35387248125 में उपलब्ध है। हालांकि, 2020-21 के लिए प्राप्ति और भुगतान खाते में कहीं भी इसका खुलासा नहीं किया गया है।

डी.8 उप महानिदेशक (अभि.), आकाशवाणी, तिरुचिरापल्ली

डी.8.1 टाइम-बार्ड चेकों को रद्द न किए जाने के परिणामस्वरूप अंत: शेष कम दर्शाया गया

31.03.2021 को खाता संख्या 31130099839 (ओएई खाता) और खाता संख्या 38563425818 (सीएफडीएल ओएई खाता) के संबंध में टाइम-बार्ड चेक क्रमशः 1,81,579 रुपये और 2,921 रुपये के का मूल्य **था, जिससे प्राप्ति और भुगतान खातों में अंत: शेष राशि को कम करके आंका गया।**

डी.8.2 कंप्यूटर अग्रिम का गैर-लेखांकन: भुगतान में कमी: 1,50,000 रुपये

कर्मचारियों को वितरित किए गए 1,50,000 रुपये के कंप्यूटर अग्रिम को 2020-21 के प्राप्ति और भुगतान खाते में भुगतान के रूप में नहीं गिना गया, जिससे भुगतान को कम करके आंका गया था।

डी.8.3 वेतन लेखांकन और कार्यक्रम खर्च के तहत अन्य खर्चों के लिए विशिष्ट शीर्ष-प्रसार भारती मुख्यालय द्वारा अनिर्धारित ।

अनुलग्नक-III में मुख्य शीर्ष कार्यक्रम व्यय के तहत उप शीर्ष 'अन्य' के अंतर्गत निम्नलिखित व्यय को लेखांकित किया गया है-

वर्ष	राशि (रुपये में)
2020-21	1,31,65,968
2019-20	1,37,79,723
2018-19	1,12,82,964

डी.8.4 2020-21 के लिए प्राप्ति और भुगतान में आपूर्तिकर्ताओं / ठेकेदारों को अलग से किए गए भुगतानों से काटे गए आईटी-टीडीएस का गैर-लेखांकन: 70,893 रुपये

आपूर्तिकर्ताओं को किए गए भुगतानों से काटे गए 70,893 रुपये के टीडीएस को संबंधित शीर्ष -"VIII-अन्य भुगतान" के अंतर्गत नहीं गिना गया।

डी.9 केंद्र निदेशक, आकाशवाणी, मदुरै

डी.9.1 पूर्व अवधि आय - प्रसार भारती मुख्यालय को सूचित नहीं की 13,88,095 रूपये

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय शैक्षिक कार्यक्रमों का प्रसारण कर रहा है जिसके लिए केंद्र द्वारा अपने सेवा कनेक्शन से बिजली प्रदान की जाती है। इग्नू द्वारा 2019-20 से संबंधित निम्नलिखित राशियों का भुगतान 2020-21 में किया गया था, इग्नू से प्राप्य को वर्ष 2020-21 के लिए प्राप्ति और भुगतान में 'इग्नू से प्राप्त पूर्व अवधि ईबी शुल्क' के एक अलग शीर्षक के तहत दिखाया जाना चाहिए था।

क्र.सं.	महीना	राशि (रुपये में)
1	जून 19 से सितंबर 19	5,48,859
2	अक्तूबर 19	1,44,244
3	नवंबर 19	1,38,494
4	दिसंबर 19	1,43,529
5	जनवरी 20	1,40,750
6	फरवरी 20	1,34,074
7	मार्च 20	1,38,145
		13,88,095

डी.9.2 प्रसार भारती मुख्यालय को प्राप्य आय का विवरण प्रस्तुत न करना 8,32,775 रूपये

इग्नू द्वारा 31.03.2021 तक निम्नलिखित राशियों का भुगतान नहीं किया गया था। 2020-21 की अवधि के लिए इग्नू से प्राप्त 8,32,775 रुपये की आय को प्रसार भारती मुख्यालय को सूचित किया जाना आवश्यक है ।

क्र.सं.	माह	राशि (रुपये में)
1.	अक्तूबर 20	1,38,303
2.	नवंबर 20	1,36,379
3.	दिसंबर 20	1,45,487

4.	जनवरी 21	1,41,501
5.	फरवरी 21	1,33,080
6.	मार्च 21	1,38,025
	कुल	**8,32,775**

डी.9.3 वर्ष 2020-21 के लिए प्राप्ति और भुगतान खाते में आवधिक जमा/सीएलटीडी खाते के अंत: शेष को कम करके आंकना।

वर्ष 2020-21 के लिए प्राप्ति और भुगतान खाते के अनुसार आवधिक जमा का अंत: शेष 8,20,809 रुपये था। तथापि, एफडी प्राप्तियों के अनुसार, यह 9,92,430 रुपए था, इस अंतर का समाधान नहीं किया गया।

डी.10 सहायक निदेशक, आकाशवाणी, नागरकोइल

डी.10.1 प्राप्तियों की प्रस्तुति में विसंगतियां

1,16,193 रुपये की राशि (टाइम-बार्ड चेकों के मूल्य को रद्द कर दिया गया) को प्राप्ति और भुगतान के प्राप्ति पक्ष पर नहीं दिखाया गया था ।

डी.11 उप निदेशक (अभि.), डीडीके, एचपीटी, कोडाईकनाल

डी.11.1 प्राप्ति और भुगतान खाते के अंत: शेष में 'प्राप्ति खाता' की शेष राशि का लोप किया गया।

प्राप्ति और भुगतान के अनुसार बैंक खाता संख्या 11079319117 (प्राप्ति खाता) के लिए अंत: शेष राशि को शून्य के रूप में दिखाया गया था। हालांकि, बैंक पुष्टिकरण ने निम्नलिखित शेष राशि दिखाई:

क्र.सं.	शेष राशि	अंत: बैंक शेष (रुपये में)
1.	31.03.2019	4,08,126.50
2.	31.03.2020	14,25,967.50
3.	31.03.2021	25,63,267.50

इसके परिणामस्वरूप प्राप्ति और भुगतान खाते में अंत: शेष राशि को कम दर्शाया गया था।

डी.11.2 बैंक खाते के अथ शेष को बढ़ाकर दर्शाया 2.52 लाख रुपये

वर्ष 2019-20 के लिए डीडी, एचपीटी, कोडाईकनाल के प्राप्ति और भुगतान खाते में प्रदर्शित ओएई (अन्य प्रशासनिक व्यय) खाते का बैंक शेष (-)2,61,039 था। हालांकि, वर्ष 2020-21 के लिए प्राप्ति और भुगतान खाते में अंत: शेष (-) 9,522 रुपये दिखाया गया था। अंतर का समायोजन नहीं किया गया है।

डी.11.3 लंबित ई-टैक्स के लेखांकन में देनदारियों में कमी - 4,45,400 रुपये

प्रसार भारती को अग्रेषित देनदारियों के ब्यौरे में, विद्युत कर के लिए 5,89,851 रुपये के वास्तविक देय की तुलना में केवल 1,44,451 रुपये की राशि का उल्लेख किया गया था। देनदारी को 4,45,400 रुपये कम आंका गया था।

डी.12 आकाशवाणी, भवानीपटना

डी.12.1 मासिक प्राप्ति और भुगतान खाते में गलत आंकड़ों का चित्रण

वर्ष 2020-21 के लिए बिल रजिस्टर और मासिक प्राप्ति और भुगतान खाते की टेस्ट जांच में वास्तविक व्यय की तुलना में भारी विसंगतियां सामने आई । इसके अलावा, यह भी देखा गया कि मार्च 2021 के महीने में प्राप्ति और भुगतान खाते में रिसोर्स पर्सन/ कैजुअल्स को किया गया भुगतान नकारात्मक शेष राशि (-28,752 /- रुपये) के रूप में दिखाया गया। यह प्राप्ति और भुगतान खातों को तैयार करने में निगरानी तंत्र की कमी की ओर संकेत करता है।

डी.12.2 बैंक समायोजन विवरण तैयार न करना

आकाशवाणी मैनुअल के पैरा 7.2.58 में यह निर्धारित किया गया है कि बैंक समायोजन का प्रमाण-पत्र तैयार किया जाना चाहिए और प्रत्येक माह पीएओ को भेजा जाना चाहिए। पाई गई किसी भी विसंगति को बैंक/पीएओ के ध्यान में लाकर तुरंत ठीक किया जाना चाहिए।

आकाशवाणी, भवानीपटना के वर्ष 2020-21 के लिए बैंक बुक की टेस्ट जांच से पता चला कि 31 मार्च 2021 तक 48,40,348/- रुपये की राशि शेष थी। तथापि, बैंक विवरण के अनुसार, उपलब्ध शेष राशि केवल 10,232/- रुपये थी। आकाशवाणी, भवानीपटना द्वारा सभी बैंक खातों के लिए बैंक समायोजन विवरण तैयार नहीं किया गया था और न ही लेखा परीक्षा को उपलब्ध करवाया गया था। इस प्रकार, पास बुक से अधिक बैंक बुक में दिखाई गई राशि बैंक बुक के अनुचित रखरखाव की ओर संकेत करती है।

अत:, बैंक बुक में दर्शाई गई बैंक शेष राशि से अधिक 48,30,116/- रुपये की विसंगति का समायोजन किए जाने की आवश्यकता है।

डी.13 आकाशवाणी, पुरी

डी.13.1 मूल्यह्रास की कमी 6.66 लाख रुपये

प्रसार भारती की महत्वपूर्ण लेखा नीति के अनुसार, परिसंपत्तियों की आजीवन उपयोगिता पर परिकलित दरों के अनुसार मूल्यह्रास को सीधी रेखा पद्धति के अनुसार लगाया जाता है। इस मूल्यह्रास के तहत स्टूडियो, ट्रांसमीटर, मशीनरी और उपकरण तथा अन्य नियत परिसंपत्तियों पर 10 प्रतिशत का शुल्क लिया जाता है।

यह देखा गया कि 6,66,249.00 रुपये का मूल्यह्रास नियत परिसंपत्तियों पर नहीं लिया गया था, जबकि परिसंपत्तियों को दो से पांच साल पहले खरीदा / प्राप्त किया गया था। इससे मूल्यह्रास/व्यय को अधिक दर्शाया गया और परिसंपत्तियों को 6.66 लाख रुपये से अधिक दर्शाया गया।

डी.14 दूरदर्शन अनुरक्षण केंद्र, मथुरा

डी.14.1 1,75,723.00 रुपये की राशि को आवधिक जमा/सीएलटीडी खाते के रूप में दिखाया गया है। इसका रिकॉर्ड/जमा कागज केंद्र में उपलब्ध नहीं था।

ई. सहायता अनुदान

वर्ष **2020-21** के दौरान प्रसार भारती को सूचना और प्रसारण मंत्रालय से **2678.00** करोड़ रुपये का सहायता अनुदान प्राप्त हुआ था। प्रसार भारती के पास पिछले वर्ष **2019-20** मे **160.03** करोड़ रुपये की अव्ययित शेष राशि थी, हालांकि, मंत्रालय द्वारा केवल **156.31** करोड़ रुपये को नियमित किया गया था। **2834.31** करोड़ रुपये की कुल निधि में से प्रसार भारती ने वर्ष के दौरान **2856.39** करोड़ रुपये की राशि खर्च की थी । इस प्रकार, प्रसार भारती ने **31** मार्च **2021** तक आय से अधिक **22.08** करोड़ रुपये अधिक खर्च किया।

प्रबंधन पत्र: जिन कमियों को लेखा परीक्षा रिपोर्ट में शामिल नहीं किया गया है, उन्हें निरंतर अनियमितताओं सहित उपचारात्मक/सुधारात्मक कार्रवाई के लिए अलग से जारी प्रबंधन पत्र के माध्यम से प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) के ध्यान में लाया गया है।

i. पिछले पैराग्राफ में हमारी टिप्पणियों के अधीन, हम रिपोर्ट देते हैं कि इस रिपोर्ट द्वारा निपटाए गए बैलेंस शीट, आय और व्यय खाते तथा प्राप्ति और भुगतान खाता खातों की पुस्तकों के अनुरूप हैं:

ii. हमारी राय में तथा हमारी सर्वोत्तम जानकारी में और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, लेखा नीतियों और लेखाओं पर लेखा नीतियों और नोट्स के साथ-साथ पढ़े गए उक्त वित्तीय विवरणों और ऊपर उल्लिखित महत्वपूर्ण मामलों और इस लेखा परीक्षा रिपोर्ट के अनुलग्नक-I में उल्लिखित अन्य मामलों के अधीन, भारत में सामान्य रूप से स्वीकार किए जाने वाले लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप एक सही और उचित दृष्टिकोण प्रदान करते हैं।

क. जहां तक यह 31 मार्च 2021 को प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) की स्थिति के तुलन-पत्र से संबंधित है; और

ख. जहां तक यह उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए घाटे के आय और व्यय खाते से संबंधित है।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के लिए और उनकी ओर से

लेखा परीक्षा महानिदेशक

(गृह शिक्षा और कौशल विकास)

अनुलग्नक

1. आंतरिक लेखा परीक्षा की पर्याप्तता

1.1 सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रधान लेखा परीक्षा और प्रसार भारती के आंतरिक लेखा परीक्षा शाखा द्वारा वर्ष 2020-21 के लिए आंतरिक लेखा परीक्षा आयोजित नहीं की गई थी ।

1.2 सहायक अभियंता, आकाशवाणी, कोडाईकनाल, चेन्नई के संबंध में 2015-16 के बाद की अवधि के लिए आंतरिक लेखा परीक्षा आयोजित नहीं की गई थी ।

1.3 उच्च शक्ति प्रेषित्र, दूरदर्शन, जैसलमेर के संबंध में **2017-18** के बाद की अवधि के लिए आंतरिक लेखा परीक्षा आयोजित नहीं की गई थी ।

1.4 आकाशवाणी, अजमेर के संबंध में 2019-20 के बाद की अवधि के लिए आंतरिक लेखा परीक्षा आयोजित नहीं की गई थी ।

1.5 आकाशवाणी चित्तौड़गढ़ के संबंध में 2011-12 से आगे की अवधि के लिए आंतरिक लेखा परीक्षा नहीं की गई थी ।

1.6 उच्च शक्ति प्रेषित्र, दूरदर्शन, बाड़मेर के संबंध में लंबे समय से आंतरिक लेखा परीक्षा नहीं की गई थी ।

1.7 निदेशक कार्यालय (अभियांत्रिकी), आकाशवाणी, तिरुनेलवेली के संबंध में **2013-14** की अवधि के लिए आंतरिक लेखा परीक्षा नहीं की गई थी।

1.8 केंद्र अभियंता, आकाशवाणी, चुरू के संबंध में लंबे समय से आंतरिक लेखा परीक्षा नहीं की गई थी।

1.9 केंद्र अभियंता, आकाशवाणी, गुना के संबंध में वर्ष **2000** से आंतरिक लेखा परीक्षा नहीं की गई थी।

1.10 उपनिदेशक (अभियांत्रिकी), उच्च शक्ति टीवी प्रेषित्र, गुना के संबंध में कार्यालय की आंतरिक लेखा परीक्षा नहीं की गई है।

1.11 केंद्र निदेशक का कार्यालय, आकाशवाणी, सागर (मप्र) के संबंध में पिछले लगभग **20** वर्षों से आंतरिक लेखा परीक्षा नहीं की गई है।

1.12 आंतरिक लेखा परीक्षा अपर्याप्त पाई गई क्योंकि आकाशवाणी, छतरपुर कार्यालय के संबंध में वित्तीय वर्ष **2020-21** तक कोई आंतरिक लेखा परीक्षा नहीं की गई है।

1.13 सहायक निदेशक, आकाशवाणी, नागरकोइल के संबंध में वर्ष **2010** से आंतरिक लेखा परीक्षा नहीं की गई थी ।

1.14 सहायक निदेशक, आकाशवाणी, ऊटी के संबंध में 2015-16 से 2020-21 तक आंतरिक लेखा परीक्षा नहीं की गई थी ।

1.15 उच्च शक्ति ट्रांसमिशन, दूरदर्शन, कटक के संबंध में 2019-20 से 2020-21 तक आंतरिक लेखा परीक्षा नहीं की गई थी।

1.16 आकाशवाणी, भवानीपटना के संबंध में वर्ष 2020-21 तक आंतरिक लेखा परीक्षा नहीं की गई थी।

1.17 आकाशवाणी, पुरी के संबंध में 2017-18 से 2020-21 तक आंतरिक लेखा परीक्षा नहीं की गई थी ।

1.18 दूरदर्शन अनुरक्षण केन्द्र, मथुरा के संबंध में वर्ष 2020-21 के लिए आंतरिक लेखा परीक्षा नहीं की गई।

1.19 आकाशवाणी, चित्रदुर्ग के संबंध में 2012-13 से 2020-21 की अवधि के लिए आंतरिक लेखा परीक्षा नहीं की गई थी।

2. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता

2.1 निम्नलिखित कारणों से प्रसार भारती का आंतरिक नियंत्रण पर्याप्त नहीं था-

क) निगम के सुचारू कार्यकरण के लिए आवश्यक जोखिम मूल्यांकन और प्रबंधन सूचना प्रणाली प्रसार भारती में लागू नहीं थी।

ख) क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ शेष राशि का गैर-समायोजन लंबे समय से जारी रहा।

2.2 प्रसार भारती द्वारा केंद्रीकृत निधि सह वितरण सीमा (सीएफडीएल) सुविधा के कार्यान्वयन के लिए जारी दिनांक 13.03.2019 के लेखा परिपत्र संख्या 13 के बिंदु संख्या 13 के अनुसार, बैंक समायोजन विवरण (बीआरएस) अपने सहायक बैंक खाते के संबंध में संबंधित क्षेत्र इकाई द्वारा तैयार किया जाना चाहिए। क्षेत्र इकाई (इकाइयों) को बैंक बुक के अनुसार महीने के दौरान जारी किए गए सभी चेकों को उस सहायक बैंक खाते (सीएफडीएल) के बैंक विवरण में उनकी मंजूरी के साथ समायोजन करने की आवश्यकता होती है।

वर्ष 2020-21 के लिए सीएफडीएल खाते के बैंक विवरणों और अन्य रिकॉर्डों की जांच के दौरान यह देखा गया कि बीआरएस और सीएफडीएल खातों की बैंक बुक आकाशवाणी, अजमेर द्वारा तैयार नहीं की जा रही थी। इसी तरह वेतन खाते के संबंध में बीआरएस भी तैयार नहीं किया गया था।

2.3 आकाशवाणी, चित्तौड़गढ़ द्वारा वेतन खाते का बैंक समायोजन विवरण (बीआरएस) तैयार नहीं किया जा रहा था। बीआरएस की अनुपस्थिति में, लेखा परीक्षा प्राप्ति और भुगतान खाते में दिखाए गए 2,18,907 रुपये के बैंक बैलेंस (वेतन खाता) को सत्यापित करने में सक्षम नहीं था।

2.4 आकाशवाणी, क्योंझर के वर्ष 2020-21 के लिए बैंक बुक और बैंक विवरण की जांच, से पता चला कि वेतन खाते में 42,695 रुपये का अंत: शेष था, जबकि 31 मार्च 2021 को बैंक शेष में इसे 15,227/- रुपये दिखाया गया था। इसी प्रकार, ओएई खाते में बैंक खाते और बैंक बुक में शून्य शेष राशि थी जबकि प्राप्ति और भुगतान खाते में इसे 9,741/- रुपये की शेष राशि दर्शाया गया था। उपर्युक्त प्रावधानों के अनुसार आकाशवाणी, क्योंझर द्वारा सभी बैंक खातों के लिए बैंक समायोजन विवरण तैयार नहीं किया गया था।

3. नियत परिसंपत्तियों के प्रत्यक्ष सत्यापन की प्रणाली

3.1 वर्ष 2002 के दौरान प्रसार भारती द्वारा मुख्य लेखा नियंत्रक से प्राप्त पत्र के आधार पर पुस्तकों में नियत परिसंपत्तियों के मूल्य का लेखांकन किया गया था। वर्ष 2020-21 के लिए खातों पर टिप्पणियों में, प्रसार भारती ने खुलासा किया कि नियत परिसंपत्तियों की राशि प्रत्यक्ष सत्यापन और मूल्यांकन के अधीन थी। तथापि, निगम द्वारा नियत परिसंपत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन और मूल्यांकन अभी तक शुरू नहीं किया गया था।

3.2 जीएफआर 2017 में निर्दिष्ट प्रारूप में नियत परिसंपत्ति रजिस्टर का रख-रखाव नहीं किया गया था। सहायक अभियंता, आकाशवाणी, कोडाईकनाल, चेन्नई के संबंध में लेखा परीक्षा में शामिल अवधि के दौरान नियत परिसंपत्तियों और इनवेंटरी का प्रत्यक्ष सत्यापन नहीं किया गया था।

3.3 आकाशवाणी, अजमेर के संबंध में वर्ष 2020-21 के दौरान नियत परिसंपत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन नहीं किया गया था।

3.4 आकाशवाणी चित्तौड़गढ़ के संबंध में 2018-19 से नियत परिसंपत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन नहीं किया गया था।

3.5 केंद्र अभियंता, आकाशवाणी, चुरू के संबंध में वर्ष 2020-21 के दौरान नियत परिसंपत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन नहीं किया गया था।

3.6 केंद्र अभियंता, आकाशवाणी, गुना के संबंध में नियत परिसंपत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन नहीं किया गया था।

3.7 एचपीटी-डीएमसी, दूरदर्शन उच्च शक्ति ट्रांसमिशन, सागर के संबंध में वर्ष 2020-21 के दौरान नियत परिसंपत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन नहीं किया गया था।

3.8 केंद्र निदेशक कार्यालय, आकाशवाणी रीवा (म.प्र.) के संबंध में वर्ष 2020-21 के दौरान नियत परिसंपत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन नहीं किया गया था।

3.9 वर्ष 2020-21 के दौरान आकाशवाणी कार्यालय, छतरपुर के संबंध में नियत परिसंपत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन नहीं किया गया था।

3.10 आकाशवाणी, भवानीपटना के संबंध में वर्ष 2020-21 के दौरान नियत परिसंपत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन नहीं किया गया था।

3.11 दूरदर्शन अनुरक्षण केन्द्र, मथुरा के संबंध में वर्ष 2020-21 के दौरान नियत परिसंपत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन नहीं किया गया था।

4. इनवेंटरी के प्रत्यक्ष सत्यापन की प्रणाली

प्रसार भारती की इकाईयों की प्रत्यक्ष सत्यापन रिपोर्ट लेखा परीक्षा को उपलब्ध नहीं कराई गई थीं, अत: लेखा परीक्षा इस बात की पुष्टि नहीं कर सका कि प्रसार भारती के क्षेत्र कार्यालयों में इनवेंटरी का समुचित प्रत्यक्ष सत्यापन किया जा रहा था अथवा नहीं।

5. देय राशि के भुगतान में नियमितता

खातों के अनुसार, 31 मार्च 2021 तक सांविधिक बकाये के संबंध में छह महीने से अधिक का कोई भुगतान बकाया नहीं था।

अनुलग्नक

(डी.ओ.पत्र सं.एएमजी-I/5-114/एसएआर/पीबी/2021-22 दिनांक 10.05.2022

1. लेखों पर टिप्पणी की अनुसूची 27 में नोट 23 के अनुसार, वर्ष 2020-21 के दौरान प्रगति पर चल रहे पूंजीगत कार्यों में से रूपये 7.65 करोड़ को पूंजीगत किया गया । प्रसार भारती द्वारा प्रस्तुत विवरण के अनुसार, रूपये 4.76 करोड़ एवं रूपये 2.89 करोड़ की राशि क्रमश: भवन और ट्रांसमीटर के ब्लॉक में पूंजीगत किए गए थे । तथापि, लेखा परीक्षा ने पाया कि इन पूंजीगत राशियों को अनुसूची-8-अचल संपत्तियों में संबंधित खण्डों में शामिल नहीं किया गया जबकि उसे केवल प्रगति पर पूंजीगत कार्यों (सीडब्लयूआईपी) में दर्शाया गया । इसलिए, अचल परिसंपत्तियों को रूपये 7.65 करोड़ से कम करके आंका गया था और पूंजीगत प्रगति पर कार्यों को उसी सीमा तक बढ़ा कर दिखाया गया था ।

साथ ही, यद्पि रूपये 7.65 करोड़ की राशि को अचल परिसंपत्तियों में पूंजीगत नहीं किया गया था, उक्त राशि पर 1.20 करोड़ रूपये का मूल्यह्रास लगाया गया, जिसके परिणाम स्वरूप मूल्यह्रास राशि में रूपये 1.20 करोड़ अधिक हो गया था और उसी सीमा तक समग्र / पूंजीगत निधि को कम करके दिखाया गया है ।

2. वर्ष 2020-21 के लिए प्रसार भारती के वार्षिक खातों में 'अनुसूची 3 - उद्दिष्ट/अक्षय निधि 1.02 करोड़ रूपये की राशि अर्जित ब्याज के रूप में दर्शाई गई है परंतु 'अनुसूची-9 उद्दिष्ट /अक्षय निधियों से निवेश' और अनुसूची-11 वर्तमान परिसंपत्ति, ऋण और अग्रिमों से अर्जित ब्याज उद्दिष्ट/अक्षय निधियों' पर शून्य आंकड़ा दर्शाया गया है । इन आंकड़ो को संबंधित अनुसूचियों में दर्शाए जाने की आवश्यकता है ।

3. वेतन में 'अनुसूची-11 में वर्तमान परिसंपत्तियों, ऋण और अग्रिम आदि के रूप में रूपये 107.64 करोड़ की राशि को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त सहायता अनुदान में दर्शाया गया है, जिसमें रूपये 28.08 करोड़ वर्ष 2020-21 से संबंधित है । यह भी पाया गया है कि नोट 32 में 'नोट्स ऑन अकांउट्स' में एक प्रकटन दिया गया है । हालांकि, मंत्रालय अभी तक इस राशि को स्वीकृत करने पर सहमत नहीं हुआ है । ऐसे में यह रकम वसूली के लिए संदिग्ध प्रतीत होती है ।

4. वर्ष 2020-21 के प्रसार भारती के वार्षिक लेखों में 'अनुसूची-11 वर्तमान परिसंपत्ति 'ऋण और अग्रिम' में लिए रूपये 22.32 करोड़ की राशि दर्शाई गई है। यह एक समेकित आंकड़ा था, जिसमें सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी अनुदान पर प्रसार भारती द्वारा अर्जित ब्याज, अक्षय निधि और स्वयं के संसाधन आदि शामिल है । ब्याजों को भिन्न रूप से नहीं दर्शाया गया है इसलिए खातों में पारदर्शिता नहीं है ।

5. अनुसूची 13 की संवीक्षा - प्रसार भारती के वर्ष 2020-21 के लिए वार्षिक खातों में अनुदान/ सब्सिडी और वर्ष 2020-21 के दौरान सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी स्वीकृति पत्रों में निम्नलिखित विसंगतियां पाई गई :

विवरण	अनुसूची 13 के अनुसार अनुदान/सब्सिडी (क)	मंत्रालय के स्वीकृति पत्र के अनुसार (ख)	प्रसार भारती द्वारा वापसी की गई राशि (ग)	अंतर (क)-(ख)
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार से वेतन के अलावा प्राप्त सहायता अनुदान	204.80	211.84	6.57	(-)0.47
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार से वेतन अनुदान	2626.66	2622.48	0	4.18
योग	**2831.46**	**2834.32**	**6.57**	**3.71**

दस्तावेज़ों के साथ अंतर स्पष्ट नहीं किया गया था।

6. प्रसार भारती के वर्ष 2020-21 के वार्षिक लेखों में सेवाओं (कर सहित) आकाशवाणी एवं दूरदर्शन (वाणिज्यिक राजस्व) से आय के रूप में 601.19 करोड़ रूपये की राशि दर्शाई गई है। इस रकम में जीएएसटी भी शामिल है। पिछले वर्ष के खातों पर नोटस ऑन एकाउंट मे जीएसटी के बारे में एक प्रकटन शामिल किया गया था, हालांकि, चालू वर्ष में ऐसा कोई प्रकटन नहीं किया गया है। विभिन्न प्रकार की प्राप्ति / आय में पारदर्शिता के लिए खातों में जीएसटी के ब्यौरा का विवरण दिया जा सकता है।

7. प्रसार भारती के वर्ष 2020-21 के लिए वार्षिक खातों के लिए 'अनुसूची-3 उद्दिष्ट / अक्षय निधि' में रूपये 1.02 करोड़ की राशि को अर्जित ब्याज के रूप में दर्शाया गया है परंतु 'अनुसूची-15 - निवेश से आय' - 'उद्दिष्ट सावधि जमा राशि पर ब्याज' दर्शाया गया आंकड़ा शून्य है। इन आंकडे की अनुसूची 15 में दर्शाए जाने की आवश्यकता है।

8. प्रसार भारती के वर्ष 2020-21 के लिए वार्षिक खातों में रूपये 104.59 करोड़ की राशि को 'अनुसूची 17 अर्जित ब्याज' में दर्शाया गया है, जो एक समेकित आंकड़ा है जिसमें सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी अनुदान पर प्रसार भारती द्वारा अर्जित ब्याज, अक्षय निधि और स्वयं के संसाधन आदि शामिल हैं । ब्याजों को भिन्न रूप से नहीं दर्शाया गया है इसलिए खातों में पारदर्शिता नहीं है ।

9. नीति सं. 4 के अनुसार, प्रसार भारती ने मूल्यह्रास दरों को सीधी रेखा पद्धति के आधार पर आईएमजी की सिफारिशों पर निर्धारित परिसंपत्तियों के उपयोगी जीवन पर गणना की गई दरों पर अपनाया है । तथापि, आईएमजी की ऐसी सिफारिशों की प्रति लेखापरीक्षा को उपलब्ध नहीं कराई गई थी । इसके अभाव में, लेखापरीक्षा परिसंपत्तियों के मूल्यह्रास के लिए अपनाई गई दरों की प्रमाणित और औचित्य को सत्यापित नहीं कर सकता ।

10. प्रसार भारती के खाते इसके 503 विभिन्न डीडीओज का संकलन हैं । इन इकाइयों से प्राप्ति और भुगतान खाते प्रसार भारती द्वारा ईएमएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन प्राप्त किए जाते हैं । 31 मार्च, 2021 को बैंक शेष के रूप में रूपये 462.91 करोड़ की राशि दर्शाए गए थे । तथापि, प्रसार भारती सचिवालय के अतिरिक्त अन्य इकाइयों के संबंध में बैंकों से शेष पुष्टि पत्र प्रसार भारती मुख्यालय के पास उपलब्ध नहीं थे । शेष पुष्टि पत्र के अभाव में, लेखापरीक्षा वार्षिक खातों में दर्शाए गए बैंक शेष की शुद्धता को सुनिश्चित नहीं कर सका ।

11. प्रसार भारती के वर्ष 2020-21 के लिए 'अनुसूची 25 - वार्षिक खातों की पूर्व अवधि समायोजन और असाधारण मदों' में निम्नलिखित राशियों को दर्शाया गया है-

(रूपये में राशि)

	अनुसूची 25 –पूर्व अवधि समायोजन और असाधारण आइटम	
1.	संपत्ति की बिक्री	11,493
2.	अन्य व्यय	(11,493)
3.	अन्य प्राप्ति	39,37,860
4.	ब्याज	(2,57,42,797)
5.	आरआरटी व्यय	1,21,48,435
6.	बिजली व्यय	16,25,45,925
7.	दूरसंचार व्यय	19,68,731
8.	जल	7,24,766

क्योंकि इन आंकडों का विवरण लेखों में नहीं दिया गया था, इसलिए यह स्पष्ट नहीं था कि इन राशियों को खातों / अनुसूची में क्यों लिया गया । इन आंकड़ों के संबंध में प्रकटन अनुसूची-27 - अच्छी पारदर्शिता के लिए लेखों पर टिप्पणी में दिया गया है ।

12. उप महानिदेशक (अभियांत्रिकी), आकाशवाणी मुख्य, चेन्नई

12.1 एसबीआई खाता संख्या 34880999673 में दिनांक 31.03.2021 को शेष रूपये 4,878.80 की राशि को प्राप्ति और भुगतान में नहीं दर्शाया गया जिस कारण अंत: शेष राशि को कम करके दिखाया गया।

12.2 कर्मचारी की दी गई रूपये 40,000 की अग्रिम राशि को 'कार्यालय व्यय' शीर्ष में प्राप्ति एवं भुगतान के अंतर्गत 'भुगतान' के रूप में लिया गया था । यह पाया गया कि 31.03.2021 को अग्रिम का संवितरण नहीं किया गया था और रोकड़ बही में रोकड़ शेष में दिखाया गया था । रूपये 40,000 का भुगतान जो 2020-21 में नहीं किया गया था उसे प्राप्ति और भुगतान के रूप में शामिल किया गया है जिसके परिणाम स्वरूप रूपये 40,000 नकद राशि का 'भुगतानों' में अधिक और अंत शेष में कम दिखाया गया ।

13 उच्च शक्ति प्रेषित्र, दूरदर्शन जेसलमेर वर्ष 2020-21 के लिए

13.1 निम्नलिखित प्राप्ति और भुगतान बैंक अंत शेष में खाते में प्रस्तुत किए गए थे।

ओ ए ई (अन्य प्रशासनिक व्यय) खाता - रूपये 18,667

आवधि जमा/ सीएलटीडी खाता - रूपये 40,000

बैंक विवरण और प्राप्तियों और भुगतान खातों की जांच के दौरान, यह पाया गया कि ब्याज रूपये 3,926 के (ओएई पर अर्जित रूपये 2,086 (अन्य प्रशासनिक व्यय) खाते पर अर्जित और रूपये 20,000 की दो एफडीआर पर अर्जित रूपये 1840 को प्राप्ति और भुगतान खाते में अंत शेष में शामिल नहीं किया गया था ।

13.2 बैंक समाधान विवरणी (खाता संख्या 10973536574) की जांच के दौरान पाया गया कि दिनांक 31.03.2021 को चार चेकों की कुल राशि रूपये 83,260 को बकाया दिखाया गया था । इन चार चेकों में से दो चेकों जिसकी राशि रूपये 11,096 है को पांच वर्ष से भी अधिक समय तक भुगतान के लिए बैंक के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया था । हालांकि, रूपये 11096 के अनाशोधित चेक की राशि को प्राप्ति और भुगतान खाते में शामिल नहीं किया गया था ।

14. आकाशवाणी, अजमेर वर्ष 2020-21 के लिए

14.1 वेतन बिल रजिस्टर और मासिक वेतन बिलों की जांच के दौरान यह पाया गया कि 4/2020 से 3/2021 की अवधि के दौरान रूपये 19,080 को क्वार्टरों के किराए / लाइसेंस शुल्क के रूप में एकत्र किए गए थे, परंतु इस रूपये 19,080 की आय को प्राप्ति और भुगतान खाते में "अन्य आय (ए) किराया /क्वार्टरों हेतु एलएफ" शीर्ष के तहत नहीं दिखाया गया था ।

14.2 वेतन बिल रजिस्टर और मासिक वेतन बिलों की जांच के दौरान यह पाया गया कि 4/2020 से 3/2021 की अवधि के दौरान एनपीएस के रूप में रूपये 2.52 लाख (दोनों नियोक्ता और कर्मचारी) का अंशदान वसूला गया था और प्रसार भारती को भेजा गया । इस राशि को प्राप्ति और भुगतान खाते में अलग से शीर्ष III में दिखाया जाना चाहिए था । प्रसार भारती (सी) द्वारा स्थानांतरित खाते को सीपीएफ/एनपीएस (प्राप्ति की ओर) और IV इंटर चालू खाता निधियों का स्थानांतरण (iv) सीपीएफ/एनपीएस की रिकवरी (भुगतान की ओर) द्वारा ।

15. आकाशवाणी, चितौड़गढ़ वर्ष 2020 - 21 के लिए

15.1 वेतन बिल रजिस्टर और अन्य मासिक वेतन बिलों की जांच के दौरान यह पाया गया कि अप्रैल 2020 से मार्च 2021 के दौरान क्वार्टरों के किराया /लाइसेंस शुल्क शीर्ष के तहत क्वार्टरों की लाइसेंस फीस के रूप में रूपये 69,518/- का संग्रह किया गया था । इस आय को " अन्य आय (ए) किराया/ क्वार्टरों हेतु एलएफ' शीर्ष के तहत दिखाया जाना चाहिए था, परंतु इसे उपर्युक्त के तहत शामिल नहीं किया गया था ।

16 निदेशक(अभियांत्रिकी) का कार्यालय आकाशवाणी, तिरुनेलवेली

16.1 आकाशवाणी, तिरुनेलवेली द्वारा भुगतान किए गए बिजली के बिलों की जांच करने पर यह पाया गया कि प्रतिभूति जमा और ब्याज की वापसी को वर्ष 2018-19 से 2020-21 के लिए समायोजित किया गया था। उन्हें भुगतान के लिए समायोजित करने की बजाय "विद्युत जमा की वापसी" (39,941 रूपये) और ब्याज आय (4,940 रूपये) के तहत स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाना चाहिए। इसके परिणामस्वरूप प्राप्तियों को कम दर्शाने के साथ-साथ भुगतान को भी कम दर्शाया गया था।

17 वर्ष 2020-21 के लिए दूरदर्शन केंद्र, राजकोट

17.1 प्रसार भारती मुख्यालय के दिनांक 26.04.2021, के पत्र सं.एडीजी (बी एंड ए)/एआई/ए/सी/2021-22/नीति के बिंदु सं.9 के अनुसार एडीजी दूरदर्शन केंद्र, राजकोट को "अनुलग्नक डी" में देनदारियों और प्रीपेड खर्चों का विवरण भेजना होगा ।

कार्यालय द्वारा प्रस्तुत अनुलग्नक डी के अनुसार, प्राप्य को 6,68,812 रुपये के मूल्य पर दिखाया गया है। लेखा परीक्षा के दौरान यह देखा गया कि प्रसार भारती, नई दिल्ली को 30.03.2021 को 6,68,812 रुपये स्थानांतरित किए गए थे, इसलिए 6,68,812 रूपये प्राप्य नहीं थे । अत: प्रसार भारती को स्थानांतरित की गई राशि का प्राप्य के रूप में दिखाने के परिणाम स्वरूप मुख्यालय को गलत सूचना दी गई है ।

18 उप निदेशक (अभियांत्रिकी), उच्च शक्ति टीवी प्रेषित्र, गुना

18.1 अप्रैल 2020 से मार्च 2021 की अवधि में मेसर्स एवर विन सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लि. चेन्नई और मेसर्स ओम साई ट्रेवल्स, गुना नामक फर्मों को किए गए भुगतान में से काटे गए 16,583 रूपये का टीडीएस शामिल नहीं है। काटे गए टीडीएस की कुल राशि को अन्य भुगतान अनुसूची में आयकर /टीडीएस में शामिल करने की बजाय प्रशासनिक व्यय अनुसूची में सुरक्षा प्रबंधन सह शीर्ष और मोटर वाहन अनुसूची में किराए के शुल्क के रूप में शामिल किया गया था।

इसके परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए प्राप्ति और भुगतान खाते के भुगतान पक्ष में प्रशासनिक व्यय को ज्यादा और आयकर / टीडीएस राशि को कम दिखाया गया ।

19 एचपीटी - डीएमसी, दूरदर्शन उच्च शक्ति प्रेषित्र, सागर

19.1 विभाग द्वारा एचएम को प्रस्तुत लेखा परीक्षा जांच सूचना / उत्तर में बताया गया कि नीलामी ब्रिक्री रसीद से संबंधित 89,067 रु. को गलती से लाइसेंस फीस के रूप में लिया गया और परिसंपत्तियों को प्राप्त करने से संबंधित 59,424 रूपये को गतल तरह से ओई (आइटी) शीर्ष के तहत बुक किया गया ।

19.2 एचएम -14 के उत्तर की जांच के दौरान पता लगा है कि प्रसार भारती को 8,49,488 रूपये की निधि प्रेषित की गई है। हालांकि, प्राप्ति और भुगतान विवरण में 8,38,186 रूपये की निधि (8,30,754+7,432 रूपये) प्रसार भारती को प्रेषित की गई है। इसके परिणामस्वरूप 11,302 रूपये (8,49,488-8,38,186) का अंतर हुआ ।

इसके अलावा उत्तर की जांच करने पर यह पाया गया है कि प्रसार भारती को 8,50,272 रुपये प्रेषित किए गए, जिसमें से भुगतान पक्ष में 8,38,186 रुपये (8,33,620+ 4,566 रुपये) का भुगतान दिखाया गया है और 16,652 (8,50,272- 8,33,620 रूपये) या (14,112+ 2,540 रूपये) के भुगतान को भुगतान पक्ष में नहीं दिखाया गया है।

20 केंद्र निदेशक का कार्यालय, आकाशवाणी, रीवा (म.प्र.)

20.1 नियत परिसंपत्तियों से संबंधित 11,890 रूपये तक की एमसीसीबी की खरीद को खातों में नहीं दिखाया गया था ।

21 आकाशवाणी, छतरपुर का कार्यालय

21.1 वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान प्राप्ति और भुगतान विवरण में नियत परिसंपत्तियों पर 86,327 रुपये (नियत परिसंपत्ति रजिस्टर में दिखाया गया) के बजाय 44,800 रुपये का व्यय दिखाया गया था। इस अंतर का समायोजन नहीं किया गया है।

21.2 प्राप्ति और भुगतान विवरण में नियत परिसंपत्तियों के अंतर्गत योजना/जीएसटी के तहत दिखाए गए 9,369 रुपये की राशि को नियत परिसंपत्तियों पर व्यय में शामिल नहीं किया गया था। इसके परिणामस्वरूप नियत परिसंपत्तियों को 9,369 रुपये से कम करके दिखाया गया।

21.3 प्राप्ति और भुगतान विवरण में (-) 26,220 रूपये के रूप में दिखाए गए सीएलटीडी खाते के अंत: शेष में बेहतर वर्णन के लिए संशोधन की आवश्यकता है।

22 उप महानिदेशक (अभि.), आकाशवाणी, तिरुचिरापल्ली

22.1 मार्च 2021 के महीने के लिए आउटसोर्स कर्मचारियों के भुगतान की देनदारियों को छोड़कर केवल आकाशवाणी के स्थायी कर्मचारियों के वेतन और भत्तों से संबंधित देनदारियों को अग्रेषित किया गया था। इसके परिणामस्वरूप वर्ष 2020-21 के लिए तुलन-पत्र में वर्तमान देनदारियों को और समेकित आय और व्यय खाते में राजस्व व्यय को कम करके आंका गया है।

22.2 स्कूटर अग्रिम और मूलधन की वसूली को प्राप्ति और भुगतान में शामिल नहीं किया गया जिसके परिणामस्वरूप,

(1) वर्ष 2015-16 में अन्य भुगतानों (IV) मोटर साइकिल/स्कूटर अग्रिम को 60,000 रुपये की सीमा तक कम बताया गया, और

(2) 2016-17, 2017-18, 2018-19, 2019-20 और 2020-21 में प्राप्ति और भुगतान खाते में प्रत्येक वर्ष 12,000 रूपये की सीमा तक अन्य प्राप्तियों (IV) मोटर साईकिल / स्कूटर अग्रिम को कम बताया गया।

23 केंद्र निदेशक, आकाशवाणी, मदुरै

23.1 2020-21 के लिए बकाया देनदारियों की निम्नलिखित मदें जिनका भुगतान 2021-22 में किया गया, को केंद्र द्वारा अग्रेषित वार्षिक देनदारियां विवरण में प्रसार भारती मुख्यालय को सूचित नहीं किया गया था। इसके परिणामस्वरूप वर्ष 2020-21 के लिए प्रसार भारती के वार्षिक वित्तीय विवरण में 14,28,049 रुपये तक वर्तमान देनदारी को कम आंका गया है।

24 सहायक निदेशक, आकाशवाणी, नागरकोइल

24.1 31.03.2021 को वेतन खाता संख्या 10843234094 के लिए बैंक समायोजन विवरण के अनुसार, वर्ष 2020-21 के दौरान ब्याज प्राप्ति के रूप में 42,420 रूपये प्राप्त हुए। हालाँकि, इसे प्राप्ति और भुगतान खाते में "ब्याज" शीर्ष के तहत शामिल नहीं किया गया था, जिसके कारण ब्याज को कम करके आंका गया।

24.2 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक समाधान विवरण के अनुसार 21,206 रुपये बैंक शुल्क के रूप में डेबिट किए गए थे। हालांकि, इस राशि को कैश बुक के साथ-साथ प्राप्ति और भुगतान खाते में लेखांकित नहीं किया गया जिसके परिणामस्वरूप भुगतान को कम आंका गया ।

24.3 वर्ष 2019-20 और 2020-21 के लिए प्राप्ति और भुगतान में खाता ओएई (अन्य प्रशासनिक व्यय) के शीर्ष के तहत में (-) 9,53,271 रूपये और (-) 3,80.133 रूपये का घटा शेष प्रदर्शित किया गया था। इनका समायोजन नहीं किया गया ।

25 सहायक निदेशक, आकाशवाणी, ऊटी

